# एसाव के पुत्र/वंशावली

उत्पत्ति २६:३४ के अनुसार एसाव जब ४० वर्ष का हुआ तब उसने दो हित्ती स्त्रियों को ब्याह लिया। (१) यहूदीत (२) बाशमत। किन्तु उत्पत्ति २६:३५ के अनुसार महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इन स्त्रियों के कारण इसहाक और रिबका के मन को खेद हुआ। उत्पत्ति २८:६ के अनुसार एसाव ने एक कनानी स्त्री महलत को ब्याह लिया। जबकि उत्पत्ति २८:८ के अनुसार कनानी लड़कियाँ इसहाक को बुरी लगती थीं व उसका आदेश था कि तू किसी कनानी लड़की से विवाह न कर लेना। अतः इस बार भी एसाव ने पिता इसहाक की आज्ञा का उल्लंघन किया। इस प्रकार उत्पत्ति २६:३४ व उत्पत्ति २८:६ के अनुसार एसाव की ३ पत्नियाँ थीं - (१) यहूदीत (२) बाशमत (३) महलत जबकि उत्पत्ति ३६: २,३ के अनुसार उसकी ३ पत्नियाँ थीं - (१) आदा (२) ओहोलीबामा (३) बासमत। इनसे निम्नलिखित पुत्र उत्पन्न हुए।

| पत्नि का नाम | पुत्र का नाम | बाइबल सन्दर्भ |
|---|---|---|
| आदा | एलीपज - इसके ६ पुत्र हुए | उत्पत्ति ३६:९-१४ |
| | (१) तेमान (२) ओमार (३) सपो (४) गाताम (५) कनज (६) अमालेक | |
| ओहोली बामा | (१) यूश (२) यालाम (३) कोरह | |
| बासमत | रूएल - इसके ४ पुत्र हुए | |
| | (१) नहत (२) जेरह (३) शम्मा (४) मिज्जा | |
| एसाव के उपरोक्त सभी पुत्र एदोम के अधिपति हुए। | | उत्पत्ति ३६:१५-१९ |

एसाव की ३ पत्नियों के नाम बाइबल के दो सन्दर्भों में अलग-अलग मिलते हैं।

| बाइबल सन्दर्भ | पत्नि का नाम | पत्नि के पिता का नाम | पत्नि की जाति |
|---|---|---|---|
| उत्पत्ति २६:३४ एवं उत्पत्ति २८:६ | यहूदीत | बेरी | हित्ती-कनानी |
| | बाशमत | एलोन | हित्ती-कनानी |
| | महलत | इश्माएल | हित्ती-कनानी |
| उत्पत्ति ३६:२-३ | आदा | एलोन | हित्ती-कनानी |
| | ओहोलीबामा | अना | हित्ती-कनानी |
| | बासमत | इश्माएल | हित्ती-कनानी |

संभव है कि एसाव ने ३ से अधिक विवाह किये हों किन्तु स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता। एसाव जो एदोम भी कहलाता है, वही एदोम जाति या एदोमियों का मूल पिता हुआ।